बिहार स्टेट माइनिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड
(बिहार सरकार का उपक्रम)

प्रेस विज्ञप्ति

महत्वपूर्ण सूचना

बिहार स्टेट माइनिंग कॉरपोरेशन लि0, पटना में प्रवर्त्तन पदाधिकारी (Enforcement Officer) के पद पर संविदा के आधार पर नियुक्ति/नियोजन हेतु सेवानिवृत्त पुलिस अवर निरीक्षक/पुलिस निरीक्षक से निम्नांकित शर्त्तों पर आवेदन पत्र विहित प्रपत्र में आमंत्रित किये जाते हैं:–

1. संविदा के आधार पर नियोजन निगम द्वारा निर्धारित रिक्तियों के विरूद्ध किया जायेगा।
2. संविदा के आधार पर नियुक्ति प्रथम चरण में 06 माह के लिए होगा तथा अधिकतम उम्र सीमा तक 06 माह और आवश्यकतानुसार उनकी सेवा का विस्तार उनके कार्यों की समीक्षोपरांत की जा सकेगी।
3. इनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा समय–समय पर की जायेगी और यदि कार्य संतोषप्रद नहीं होगा, तो उन्हें कभी भी एक सप्ताह का नोटिस देकर हटाया जा सकेगा।
4. नियोजित कर्मी का मासिक मानदेय उन्हें प्राप्त होने वाले अंतिम वेतन में पेंशन की राशि घटाने के बाद जो होगी, वही होगी। मासिक मानदेय की यह राशि सेवानिवृत सरकारी सेवक के संविदा अवधि में कार्यरत रहने की तिथि तक स्थिर रहेगी। सेवानिवृति और संविदा नियोजन के बीच वेतन/पेंशन पुनरीक्षण हो जाने की स्थिति में भी निर्धारित मानदेय अपरिवर्तित रहेगा।
5. चयन हेतु उम्मीदवार की अधिकतम उम्र सीमा 65 वर्ष होगी।
6. संविदा के आधार पर चयन/नियोजन में निरूपित आरक्षण नियमों का पालन किया जायेगा।
7. चयन समिति के अनुशंसा के आधार पर नियुक्ति एवं पदस्थापन आदेश खान एवं भूतत्व विभाग द्वारा निर्गत किया जायेगा।
8. वैसे उम्मीदवार चयन/नियोजन के पात्र नहीं होंगे, जिनके विरूद्ध निगरानी मामला/विभागीय कार्यवाही चल रही हो, जिनपर किसी भी तरह का कोई आपराधिक मामला दर्ज हो।
9. संविदा पर नियोजित सेवानिवृत सरकारी सेवकों को सभी पदीय शक्तियाँ प्राप्त होंगी।
10. संविदा पर नियोजित सरकारी सेवकों के कर्मियों को आकास्मिक अवकाश के अतिरिक्त सरकारी सेवकों की भांति क्षतिपूर्ति अवकाश भी अनुमान्य होगा।
11. नियोजन हेतु उम्मीदवार का चयन किये जाते समय उनके सरकारी कार्य हेतु स्वस्थ होने के संबंध में असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र आवश्यक होगा।
12. आवेदन पत्र दिनांक 30.01.2023 तक विहित प्रपत्र में आवश्यक प्रमाण पत्रों के साथ निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट या स्वयं महाप्रबंधक, बिहार स्टेट माइनिंग कॉरपोरेशन लि0, नया सचिवालय, विकास भवन, बेली रोड, पटना–800015 पर भेजा जा सकता है।
13. विस्तृत जानकारी हेतु विभागीय वेबसाईट–www.mines.bih.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

13/1/2023

(अवधेश राम)
महाप्रबंधक
बिहार स्टेट माइनिंग कॉरपोरेशन लि0

विहित प्रपत्र

फोटो

1.	आवेदक का नाम	-
2.	पद का नाम	-
3.	विभाग/कार्यालय का नाम (जहाँ से सेवानिवृत हुए हैं। होने वाले हैं।)	
4.	सेवानिवृति की तिथि	-
5.	सेवानिवृति से समय धारित पद	-
6.	जन्म तिथि	-
7.	गृह जिला	-
8.	अंतिम वेतन-(i) मूल वेतन (ii) ग्रेड पे (iii) वेतनमान	-
9.	पेंशन स्वीकृति की स्थिति (i) स्वीकृति (ii) स्वीकृति नहीं (iii) औपबंधिक स्वीकृति (सही का निशान लगायें) (आदेश की प्रति संलग्न करें)	-
10.	पेंशन की स्वीकृति राशि-पेंशन+महँगाई भत्ता इत्यादि (कुल जोड़कर)	-
11.	आरक्षण श्रेणी	-
12.	वर्तमान पता	-
13.	स्थायी पता	-
14.	ई-मेल	-
15.	मोबाईल नं०	-
16.	शैक्षणिक योग्यता	-
17.	विशेष योग्यता एवं प्रशिक्षण इत्यादि की विवरणी	-
18.	सेवानिवृति की तिथि या पूर्व में विभागीय आरोप/कार्यवाही की स्थिति	-
19.	आरोप के निष्पादन की स्थिति/अधिरोपित दंड की विवरणी	-
20.	गोपनीय अभ्युक्तियाँ	-

21. घोषणा पत्र-एतद् द्वारा मैं घोषणा करता/करती हूँ की उपर्युक्त विवरणी सही है। सूचना गलत पाये जाने की स्थिति में मेरी उम्मीदवारी संविदा नियोजन रद्द किया जा सकता है। सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प सं०-10000 दिनांक 10.07.2015 की सभी शर्तें मान्य है।

तिथि :-

स्थान :-

आवेदक का हस्ताक्षर एवं नाम